हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 9 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 37.8 डिग्री
न्यूनतम 24.9 डिग्री

10 खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ...


11 सीएम फ्लाइंग ने दांतों के क्लीनिक पर मारा छापा


## खबर संक्षेप

### मदवि: समेस्टर परीक्षाओं के परिणाम जारी

**रोतहक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मई 2025 में आयोजित बी फार्मेसी-प्रथम, तीसरे, पांचवें व सातवें सेमेस्टर की री-अपीयर, बी. फार्मेसी चौथे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर तथा छठे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर, बीटेक के दूसरे, चौथे व छठे सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर, एम. फार्मेसी-ड्रग रेगुलेटरी अफेयर्स, इंडस्ट्रियल फार्मेसी, फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री, फार्माकोग्नोसी के प्रथम सेमेस्टर की री-अपीयर तथा दूसरे सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर, एमए पंचवर्षीय- इकोनोमिक्स, लोक प्रशासन व अंग्रेजी के छठे सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर तथा दसवें सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया।

### बीपीएड की रिक्त सीटों पर आवेदन 10 तक

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के फिजिकल एजुकेशन विभाग में सत्र 2025-26 में बीपीएड पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों पर एडमिशन के लिए फ्रेश आवेदन 10 अगस्त तक किए जा सकते हैं। विभागाध्यक्ष प्रो. भगत सिंह राठी ने बताया कि बीपीएड पाठ्यक्रम की 20 रिक्त सीटों पर एडमिशन के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 10 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। फिजिकल एफिशियंसी टेस्ट 13 अगस्त को एमडीयू खेल परिसर में आयोजित किया जाएगा।

### स्नैचिंग की वारदात में शामिल तीन आरोपी धरे

**रोहतक।** पुलिस ने स्नैचिंग की वारदात में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियो को कोर्ट में पेश किया गया। शहर थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि मदीना निवासी जितेंद्र की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 6 अगस्त को हिसार रोड पर स्थित ऑफिस के बाहर बैठा हुआ था।

### मांगों को लेकर किसान मजदूर संगठन का प्रदर्शन

**रोहतक।** किसान मजदूर संगठन ने शुक्रवार को अपनी तेरह सूत्री मांगों को लेकर शहर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन से पूर्व संगठन के कार्यकर्ता मानसरोवर पार्क में एकत्रित हुए। यहां पर सभा की और फिर नारेबाजी करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे। अधिकारियों के मार्फत मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में खाद की कमी को पूरा करने, धान की खरीद 15 सितंबर से, खेतों में जलभराव रोकने के इंतजाम, मंडियों में तुलाई के दौरान की जाने वाली हेराफेरा रोकने, बिजली के ट्यूब्वैल कनेक्शन जारी करने, आवारा पशुओं को पकड़ने आदि मांगे रखी।

शुक्रवार दोपहर 12 बजे से शुरू हुई सुविधा शनिवार मध्यरात्रि 12 बजे तक उपलब्ध रहेगी

# रक्षाबंधन पर महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा, 15 साल तक के बच्चों का भी नहीं लगेगा टिकट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

सरकार ने रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं और उनके बच्चों के लिए एक खास तोहफा देने की घोषणा की है। इस बार रक्षाबंधन का पर्व 9 अगस्त यानी आज मनाया जा रहा है। सरकार ने निर्णय लिया है कि राज्य की सभी साधारण बसों में महिलाओं और 15 वर्ष तक के बच्चों को निशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की जाएगी। यह सुविधा 8 अगस्त शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से शुरू होकर 9 अगस्त 2025 की मध्यरात्रि 12 बजे तक उपलब्ध रहेगी। इस अवधि में महिलाएं और उनके बच्चे हरियाणा रोडवेज की बसों में राज्य के भीतर कहीं भी बिना किराया दिए यात्रा कर सकेंगे। सरकार की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार, यह मुफ्त यात्रा सुविधा न केवल हरियाणा



राज्य के भीतर बल्कि चंडीगढ़ और दिल्ली तक चलने वाली हरियाणा रोडवेज की साधारण बसों पर भी लागू होगी। इस निर्णय का उद्देश्य रक्षाबंधन के पर्व पर बहनों को अपने भाइयों के पास आने-जाने में सुविधा देना और पारिवारिक रिश्तों को और मजबूत करना है। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस विशेष दिन पर पर्याप्त संख्या में बसों का संचालन सुनिश्चित किया जाए। चूंकि इस दिन महिलाओं की यात्रा संख्या में भारी वृद्धि होने की संभावना है, इसलिए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की जाएगी ताकि किसी यात्री को असुविधा न हो।

### सुविधा के लिए कर्मचारी किए तैनात

बस अड्डों पर यात्रियों के सही मार्गदर्शन के लिए पर्याप्त संख्या में वर्दीधारी कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। इन कर्मचारियों को विशेष रूप से यह निर्देश दिए गए हैं कि वे यात्रियों के साथ शालीन और सहयोगपूर्ण व्यवहार करें। यात्रियों को मार्गदर्शन देने, टिकट जांच और यात्रा व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने में ये कर्मचारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### पुलिस बल की भी रही तैनाती

बस अड्डों और मार्गों पर पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की जा सके। इससे यात्रियों की सुरक्षा और बस संचालन की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। रक्षाबंधन के दिन बस अड्डों पर भीड़ अधिक रहने की संभावना है, ऐसे में पुलिस कर्मियों की मौजूदगी से सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होगी और किसी प्रकार की अव्यवस्था या दुर्घटना की आशंका कम होगी।

### आर्थिक राहत प्रदान करेगी



सरकार द्वारा भाई-बहन के पवित्र त्योहार रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों के लिए विशेष उपहार के तौर पर 8 अगस्त को दोपहर 12 बजे से 9 अगस्त 2025 मध्यरात्रि 12 बजे तक हरियाणा राज्य परिवहन की बसों में सभी महिलाओं एवं 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध करवाई गई है।
-धर्मेंद्र सिंह, उपायुक्त

अवैध होर्डिंग-फ्लैक्स लगाने वालों की खैर नहीं

# 64 लोगों पर एफआईआर, 10 लाख से अधिक का ठोका जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

नगर निगम ने शहर में अवैध होर्डिंग, फ्लैक्स और पोस्टर लगाने वालों पर बड़ी कार्रवाई की है। निगम की ऐन्फोर्समेंट टीम ने विशेष अभियान चलाकर मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों से अवैध विज्ञापन सामग्री को हटवाया। इस दौरान उल्लंघन करने वालों को मौके पर ही नोटिस दिए गए और हरियाणा प्रीवेन्शन ऑफ डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट 1989 तथा विज्ञापन नीति के तहत जुर्माना लगाया गया। पहले भी अपील की गई थी कि बिना अनुमति के किसी भी प्रकार के होर्डिंग, फ्लैक्स या पोस्टर न लगाएं। चेतावनी दी गई थी कि नियम तोड़ने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा और इन्हें हटाने में आने वाला खर्च भी संबंधित व्यक्ति या संस्था से वसूला जाएगा। निगम रिकॉर्ड के अनुसार, 64 संबंधित लोगों पर लगभग 10 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया था, लेकिन समयावधि में राशि जमा नहीं



### शहर को सुंदर और स्वच्छ रखना सबकी जिम्मेदारी

आयुक्त ने नागरिकों से अपील की कि यह शहर सभी का है, इसलिए इसे सुंदर और स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। नियमों का पालन करें और बिना अनुमति किसी भी प्रकार का होर्डिंग, फ्लैक्स या पोस्टर न लगाएं, अन्यथा कड़ी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

कराने पर सख्त कदम उठाते हुए इन सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि निगम क्षेत्र में केवल निगम कार्यालय से स्वीकृति मिलने के बाद ही चिन्हित स्थलों पर होर्डिंग और फ्लैक्स लगाने की अनुमति है।

# तिरंगा राष्ट्रीय गौरव व अभिमान का प्रतीक : प्रदीप कौशिक

**रोहतक।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक ने कहा है कि तिरंगा हमारे राष्ट्रीय गौरव, साहस, शौर्य और अभिमान का प्रतीक है। तिरंगे को देखकर प्रत्येक देशवासी का हृदय देशभक्ति के भाव से भर जाता है। प्रदीप कौशिक आज जिला के गांव भैसरू खुर्द में हर घर तिरंगा व स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करने के उपरांत ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने जिला के सभी सरपंचों और वार्ड पार्षदों के साथ-साथ आम नागरिक का आह्वान किया कि वे अपने-अपने घरों पर तिरंगा अवश्य लगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया हर घर तिरंगा अभियान देश की नई पीढ़ी को आजादी से जोड़ने का अवसर बन गया है। यह अभियान जन-जन में राष्ट्र प्रेम के भाव को संचारित कर रहा है।



**रोहतक।** मनोनीत पार्षद रमेश बोहर को शपथ दिलाते मेयर राम अवतार वाल्मीकि।

# तीन मनोनीत पार्षदों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

महाराजा अग्रसेन भवन में शुक्रवार को एक विशेष अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मेयर रामअवतार वाल्मिकी ने तीनों मनोनीत पार्षदों रमेश बोहर, अशोक वर्मा और अनीता गर्ग को विधिवत रूप से पार्षद पद की शपथ दिलवाई। जिसमें राजनीतिक और सामाजिक जगत की कई हस्तियां मौजूद रहीं। रमेश बोहर हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष होने के साथ-साथ खेल जगत में एक सम्मानित नाम हैं। हाल ही में उन्हें ग्रीवेंस कमेटी का सदस्य भी नियुक्त किया गया था। अशोक वर्मा और अनीता गर्ग ने भी शपथ लेते हुए यह संकल्प दोहराया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ करेंगे। शपथ ग्रहण के बाद तीनों पार्षदों ने कहा कि वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उनका उद्देश्य वार्डों की मूलभूत सुविधाओं में सुधार, सफाई व्यवस्था को मजबूत करना, जल निकासी और पेयजल आपूर्ति की दिक्कतों को दूर करना, साथ ही शहर के सौंदर्यकरण और विकास कार्यों को गति देना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता के सहयोग और प्रशासन की सक्रियता से रोहतक को एक आदर्श नगर बनाया जा सकता है। इस अवसर पर तीनों पार्षदों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भारतीय जनता पार्टी, हरियाणा संगठन का आभार व्यक्त किया।

बकायादारों पर नगर निगम की सख्त हिदायत

# वार्ड 6 और 17 की समस्याओं के समाधान के लिए आयुक्त का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

रोहतक। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने शुक्रवार वार्ड-6 और वार्ड-17 में नागरिक सुविधाओं का जायजा लेते हुए समस्याओं के जल्द समाधान के निर्देश दिए। वार्ड-6 में, वार्ड सदस्या नीरा भटनागर के प्रतिनिधि नोरातामल भटनागर के साथ आयुक्त ने निरीक्षण किया। इस दौरान भिवानी स्टैंड पर बने नाले, प्रताप चौक पर जलभराव, चौक एवं पार्क के सौंदर्यकरण, पीने के पानी की कमी और सीवर ओवरफ्लो जैसी समस्याओं की जानकारी दी गई।

आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रताप चौक की बरसाती जल निकासी की योजना पर तुरंत कार्य शुरू करें और राधे-राधे पार्क के सौंदर्यकरण का कार्य निगम द्वारा जल्द करवाया जाए। वहीं, पानी और सीवर संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। वार्ड-17 में, वार्ड सदस्या डिम्पल जैन की मौजूदगी में समस्याओं को नगर निगम कार्यालय में सुना गया। इस दौरान पीने के पानी में गंदगी, सीवर ओवरफ्लो, छोटूराम चौक पर मलबा जमा होने और खराब स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याओं पर चर्चा हुई। छोटूराम चौक से मलबा तुरंत हटाया जाए और स्ट्रीट लाइट को जल्द ठीक किया जाए। आयुक्त ने यह भी बताया कि संपत्तिकर बकायादारों के खिलाफ नगर निगम की कार्रवाई लगातार जारी है। शुक्रवार निगम टीम ने गोहाना रोड, झज्जर रोड आदि स्थानों पर 6 संपत्तियों को सील किया, जिन पर लगभग 22 लाख रुपये से अधिक का बकाया था।

### 6 संपत्तियों को सील किया गया



कार्यक्रम | क्षय रोग उन्मूलन पर तीन दिवसीय जागरुकता कार्यशाला संपन्न

# जन-जन को जगाना है, टीबी को भगाना है

- कार्यशाला का उद्देश्य पीजीआईएमएस और पीजीआईडीएस रोहतक के सभी फैकल्टी सदस्यों को टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के बारे में संवेदनशील बनाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



**रोहतक।** कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. ध्रुव चौधरी। फोटो : हरिभूमि

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान बीडी शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज के तत्वावधान में 6 से 8 अगस्त तक टीबी उन्मूलन कार्यक्रम पर एक तीन दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल, निदेशक डॉ. सुरेश सिंघल, सिविल सर्जन डॉ. रमेश चन्द्र, डीन डॉ. अशोक चौहान, डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. ध्रुव चौधरी, जिला टीबी अधिकारी इंदु, डॉ प्रेम परकाश गुप्ता, डॉ नीलम कुमार के दिशा-निर्देशन में आयोजित की गई। इसमें कम्युनिटी मेडिसिन, माइक्रोबायोलॉजी और श्वसन चिकित्सा विभागों के प्रमुखों ने हिस्सा लिया। पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि टीबी एक अत्यधिक संक्रामक रोग है और यह मेडिकल कॉलेज के सभी विभागों के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। इसलिए, सभी विभागों को एनटीईपी के नवीनतम अपडेट्स के बारे में जानना आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि हमारे संस्थान में टीबी से संबंधित सभी सेवाएं उपलब्ध हैं। डॉ. ध्रुव चौधरी ने बताया कि पीजीआईएमएस में टीबी से संबंधित सभी सेवाएं उपलब्ध हैं, जिनमें निदान, उपचार और अनुसंधान शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमारे संस्थान में टीबी के मरीजों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं और हमारा उद्देश्य टीबी उन्मूलन के लिए काम करना है। डॉ. विपुल ने बहु-दवा प्रतिरोधी टीबी और पीजीआईएमएस रोहतक में एमडीआर सेवाओं के बारे में चर्चा की। श्वसन चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य पीजीआईएमएस और पीजीआईडीएस रोहतक के सभी फैकल्टी सदस्यों को टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के बारे में संवेदनशील बनाना हैं।

बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी
अस्थल बोहर, रोहतक-124021 (हरियाणा)
Established under Haryana Private Universities Act, 2006
(Recognized by the UGC under 2(f) and Member, Association of Indian Universities (AIU)
9053066601 | www.bmu.ac.in


महंत बालकनाथ योगी
Chancellor, BMU

Zero Admission Fee* BMU SCHOLARSHIP PROGRAMS
or Free Laptop*
Eligibility Criteria
Marks: 85% Above | Scholarship: Upto 50%
Scholarship: Sibling, Single Girl, Physical Handicapped | Discount: Upto 25% OFF

B.Ed.* ₹ 22,000/- (Fee Per Sem.)



New Programmes
VLDD (Veterinary Diploma)
B.Sc. Nursing
B.Sc. (Hon.) (Agriculture)

Admissions Open 2025-26
Programmes Offered by the University for Session 2025-26

| Programme | Fee Per Sem. |
|---|---|
| **FACULTY OF AYURVEDA** | |
| BAMS | 2,25,000/- |
| **FACULTY OF NURSING** | |
| ANM/GNM | -------- |
| B.Sc. Nursing | 1,05,000/- |
| Post Basic B.Sc. Nursing | 50,000/- |
| **FACULTY OF PHARMACEUTICAL SCIENCES** | |
| D.Pharmacy | 37,500/- |
| B.Pharmacy | 45,000/- |
| M.Pharmacy | 50,000/- |
| **FACULTY OF PHYSIOTHERAPY** | |
| BPT/ MPT | 45,000/- |
| B.Sc. MLT/Optometry | 31,000/- |
| **FACULTY OF SCIENCES** | |
| B.Sc. (Physical Sciences) (Physics, Chemistry, Mathematics) | 11,000/- |
| M.Sc. (Physics, Chemistry, Mathematics) | 21,000/- |
| B.Sc. (Life Sciences) (Botany, Zoology, Chemistry) | 11,000/- |
| M.Sc. (Botany, Zoology) | 21,000/- |
| B.Sc. (Bio-Technology) | 11,000/- |
| M.Sc. (Bio-Technology) | 21,000/- |
| B.Sc. (Hons.) Agriculture | 31,000/- |

| Programme | Fee Per Sem. |
|---|---|
| **FACULTY OF LEGAL STUDIES** | |
| B.A.LL.B • LL.B • LL.M | 27,500/- |
| **FACULTY OF MANAGEMENT AND COMMERCE** | |
| BBA | 15,000/- |
| BCA | 17,500/- |
| MBA • MCA | 26,000/- |
| B.Com. • M.Com. | 11,000/- |
| **FACULTY OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY** | |
| B.Tech. (CSE, ME, CE) | 30,000/- |
| M.Tech. (CSE, CE) | 30,000/- |
| **FACULTY OF HUMANITIES AND LIBERAL EDUCATION** | |
| B.A.- Various Subject Combinations; B.A. (Hons.) English; B.A. Journ. & Mass Comm.; B.Lib. & Info. Sci; M.Lib. & Info. Sciences; M.A. (English, Hindi, Journalism & Mass Comm., History, Economics, Sociology, Geography, Political Science) | 11,000/- |
| M.A. Sanskrit • Shastri (UG) | 2,500/- |

Ph.D. (All Streams) As Per UGC Norms.

Application Fee - 1000 || Admission Fee UG 7500, PG 12500 || Exam Fee - UG 2500, PG 3000 || Hostel Fee 70000 Per Year
*Affiliation with MDU, Rohtak
*Terms & Conditions Apply

# एमडीयू के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में मनाया रक्षाबंधन का उत्सव

- कुलपति ने शिक्षा में संस्कार और कौशल पर दिया जोर
- रक्षाबंधन रिश्तों को दिल से निभाने का पर्व : मुख्य अतिथि डॉ. शरणजीत कौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। कार्यक्रम में भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्षा डॉ. शरणजीत कौर को राखी बांधती बच्ची। *फोटो : हरिभूमि*

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में शुक्रवार को रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास, उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया। भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्षा डॉ. शरणजीत कौर ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक तथा कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत की गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम में रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में कैंपस स्कूल की छात्राओं ने मुख्यातिथि समेत अन्य विशिष्ट जनों को अपने हाथों से बनाई गई राखियां बांधी और उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। मुख्य अतिथि डा. शरणजीत कौर, कुलपति समेत अन्य विशिष्ट जनों ने छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया और अपनी संस्कृति एवं मूल्यों को आत्मसात करते हुए रिश्तों को सहेजने की सीख दी। कुलपति ने विद्यार्थियों को जिज्ञासु बने रहने, नई-नई भाषाएं सीखने और ज्ञान का सही उपयोग करने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यार्थियों को हिन्दी व अंग्रेजी के साथ-साथ संस्कृत एवं अन्य भाषाएं भी सीखने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने कहा कि बहुभाषीय ज्ञान अर्जित कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर करियर अवसर प्राप्त किए जा सकते हैं। मुख्य अतिथि भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्षा डॉ. शरणजीत कौर ने रक्षा बंधन को अटूट स्नेह और विश्वास का बंधन बताते हुए कहा कि यह पर्व हमें रिश्तों को दिल से निभाने और भावनात्मक जुड़ाव बनाए रखने की सीख देता है। उन्होंने भाई-बहन के रिश्ते को न केवल पारिवारिक, बल्कि सामाजिक एकता का प्रतीक बताया।

डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों को अपनी परंपराओं और मूल्यों से जोड़े रखते हैं।

## कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने किया संबोधित

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे त्योहार हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने त्योहारों का महत्व जानने और उन्हें पूरे जोश एवं उत्साह के साथ मनाने का आह्वान किया। कुलपति ने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं, बल्कि यह जीवन के संस्कारों को आत्मसात करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि कक्षा के बाहर सीखने का महत्व समझें, क्योंकि बियोंड क्लासरूम शिक्षा ही आपको असली जीवन कौशल प्रदान करती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जीवन में आत्मविश्वास, ज्ञान और कौशल का संतुलन ही सफलता की कुंजी है।

## न्यूज डायरी



### जॉन वेस्ले कॉन्वेंट के छात्रों ने मनाया रक्षाबंधन

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में स्नेह का प्रतीक भाई-बहन के पवित्र त्योहार रक्षाबंधन के उपलक्ष में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों ने शिरकत की। सभी बच्चों ने स्पर्धा की भावना दर्शाते हुए इस कक्षावार प्रतियोगिता श्रृंखला में बढ़चढ़ कर प्रतिभागिता ले त्योहार की हार्दिक खुशी जाहिर की और इन प्रतियोगिताओं में अपनी बेहतरीन प्रदर्शन किया। नर्सरी से सातवीं कक्षा के छात्रों ने राखी मेकिंग तथा डेकोरेशन गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया किसके साथ-साथ नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हे मुन्नों ने प्यार के रक्षा सूत्रों को बांधकर, मिठाई खिलाकर भाई- बहन के इस पवित्र त्योहार की गरिमा को बढ़ाया।




### एसबी मॉडल विद्यालय में राखी का महत्व बताया

रोहतक। रक्षाबंधन हिंदुओं का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। इस दिन बहनें अपने भाईयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती है और भाई अपनी बहनों की रक्षा का वचन देता है। एसबी मॉडल विद्यालय में भी शुक्रवार को रक्षाबंधन का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। रक्षाबंधन के उपलक्ष पर विद्यालय में राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और सुंदर-सुंदर राखियां बनाई। नर्सरी से पांचवी कक्षा की छात्राओं ने छात्रों को राखी बांधकर तथा मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया।




### वार्षिक इंवेस्टिचर समारोह का आयोजन

**रोहतक।** विकल्प पब्लिक हाई स्कूल ने गर्व के साथ 6 अगस्त को अपना वार्षिक इंवेस्टिचर समारोह आयोजित किया, जो छात्र नेताओं के जीवन में एक महत्वपूर्ण पड़ाव को चिह्नित करता है। इस अवसर पर नवनियुक्त छात्र नेताओं को उनके पद के प्रतीक बैज सौंपे गए और उन्हें विद्यालय के मूल्यों को बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। विद्यालय के निदेशक सुखबीर सिंह ने समारोह की शोभा बढ़ाई। जिन्होंने नेतृत्व, उत्तरदायित्व और सामुदायिक सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। नवनियुक्त नेताओं ने यह वचन दिया कि वे अपने विद्यालय के उत्थान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे और अपने साथियों को प्रेरित करेंगे।



### रक्षाबंधन समारोह में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

रोहतक। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांपला में रक्षाबंधन का त्यौहार बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। चारों सदनों- सर छोटू राम, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद- के बीच अंतर-सदन राखी मेकिंग और मेहंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छात्रों ने सुंदर डिजाइनों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और उत्सव की भावना का प्रदर्शन किया। प्राचार्य संदीप नैन ने छात्रों को आशीर्वाद दिया, उनकी प्रतिभा की सराहना की और उन्हें प्रेम, सम्मान और सांस्कृतिक परंपराओं के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. सुनीता अहलावत ने सभी सदनों के लिए कार्यक्रम का समन्वय किया और इसके सुचारू और सफल संचालन को सुनिश्चित किया।

## न्यूज डायरी




### सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों का खेलों व रचनात्मक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रोहतक।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर सांगवान इंटरनेशनल स्कूल परिसर में अंतर-सदनीय रचनात्मक गतिविधियों का भव्य आयोजन किया गया। इसमें मेहंदी, काइट मेकिंग एवं राखी मेकिंग जैसी प्रतियोगिताएं शामिल थीं, जिनमें चारों स्क्वाड्रन के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का बेहतरीन प्रदर्शन किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने राजीव गांधी खेल परिसर में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में भी अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया। विद्यालय के विद्यार्थियों की इन शानदार उपलब्धियों पर विद्यालय के प्रबंधक राजेश सांगवान एवं प्रधानाचार्या मनीषा सांगवान ने सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई दी।



### शीतल स्पोर्ट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल माया राखी महोत्सव

**रोहतक।** शीतल स्पोर्ट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल किलोई में रक्षा बंधन का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर, छात्रों ने भाई-बहन के प्रेम और सुरक्षा के बंधन को दर्शाते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। छात्रों ने रंग-बिरंगी राखियां बनाईं और एक दूसरे को बांधीं। उन्होंने पारंपरिक गीतों और नृत्यों का भी प्रदर्शन किया। स्कूल निर्देशिक राजवंती तथा प्रधानाचार्य अनिल हुड्डा ने सभी छात्रों को बधाई दी और कहा कि यह त्यौहार भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक है।



### गांव घिलौड़ खुर्द में लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

रोहतक। गौड़ ब्रहामण संस्थाओं के प्रशासक आशीष कुमार, एचसीएस के निर्देशानुसार गौड़ ब्रहामण आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, ब्राहमणवास द्वारा शुक्रवार को गांव घिलौड़ खुर्द में निशुल्क चिकित्सा शिविर लागया गया। जिसमें 75 रोगियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। इस शिविर में रोगियों को दवाईयां, लैब टैस्ट, बीपी व शुगर टेस्ट इत्यादि सुविधायें निशुल्क प्रदान की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वारिज पांडेय ने बताया कि इस शिविर में सर्वाईकल, माईग्रेन, बीपी, जोड़ो के दर्द, एनिमिया, दमा और कई अन्य बिमारियों से ग्रस्त रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

## आठ हजार खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

# खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में जिले के सभी ब्लॉकों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस दौरान जिले में कुल 30 से अधिक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 8000 खिलाड़ियों ने अपने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिनमें चयनित खिलाड़ी अब जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपने-अपने ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगे। क्रिकेट प्रतियोगिता एमएस सरस्वती स्कूल में, स्केटिंग जेट ग्लोबल स्कूल में, ताइक्वांडो राजीव गांधी स्टेडियम में, कुश्ती छोटूराम स्टेडियम में, बास्केटबॉल विद्याश्री इंटरनेशनल स्कूल में और वेटलिफ्टिंग वैश्य पब्लिक स्कूल रोहतक में आयोजित की गई।

**समापन समारोह पर वक्तव्य:** खंड शिक्षा अधिकारी जयभगवान ने सफल आयोजन के लिए समस्त कर्मचारियों, प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों और संबंधित विभागों (स्वास्थ्य, पुलिस, जल बोर्ड आदि) का धन्यवाद किया। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, उप जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी देवी, जिला परियोजना अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा एवं बीआरसी सुंदरलाल सहित समस्त विद्यालयों के प्राचार्यों को विशेष धन्यवाद दिया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीपीसी बिजेंद्र हुड्डा, बीईओ जयभगवान, संजय कुमार, राकेश सिवाच, ओमपाल, डॉ. जनक राज, अंजू डबास, विनय भाटिया, निरुपमा, रीना, सीमा, पुष्पा सहित सभी कन्वीनर, खेल इंचार्ज व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### कलानौर ब्लॉक की खंड स्तरीय खेलकूद में छाए खिलाड़ी



**रोहतक।** शिक्षा विभाग हरियाणा के दिशा-निर्देशानुसार कलानौर ब्लॉक की खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 8 अगस्त को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के अंतर्गत राजीव गांधी खेल परिसर कलानौर में एथलेटिक्स, संस्कार वैली स्कूल में बालिका वर्ग की खो-खो, और सिवोम स्कूल में कराटे स्पर्धाएं आयोजित की गईं। इन खेलों में कलानौर ब्लॉक के कुल 5737 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सभी विजेता खिलाड़ियों (प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान) को मौके पर ही मेडल व सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इसके साथ ही सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी और रिप्लेसमेंट किट देकर सम्मानित किया गया, प्रतियोगिता का निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, जिला परियोजना समन्वयक बिजेंद्र हुड्डा और खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता द्वारा किया गया।



### जीडी गोयंका स्कूल में रक्षाबंधन पर दिखा उत्साह

**रोहतक।** जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल में रक्षाबंधन का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने विभिन्न क्रियाकलापों में भाग लिया, जैसे कि कार्ड मेकिंग, राखी मेकिंग और पोस्टर मेकिंग। स्कूल की डायरेक्टर सान्या मायना और डायरेक्टर विक्रांत मायना ने सभी बच्चों और बड़ों को रक्षाबंधन की हार्दिक बधाइयां दीं। प्रधानाचार्या सविता नेहरा ने बताया कि रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक है, जिसमें भाई अपनी बहन की रक्षा करने का वचन देता है। सहनिदेशक हिमांशु गुप्ता ने कहा कि यह त्योहार श्रावण माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है और भाई-बहन के बीच स्नेह की डोर को मजबूत बनाता है।



### धूमधाम और उत्साह से मनाया रक्षाबंधन का पर्व

रोहतक। कलानौर स्थित वेद मॉडल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारतीय संस्कृति व परंपरा का निर्वाह करते हुए रक्षाबंधन का पर्व बड़े ही श्रृद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। छोटे-छोटे बच्चों में व हर्ष देखते ही बनता था। रक्षाबंधन का त्योहार हंसी-मजाक, नृत्य और अविस्मरणीय पलों से भरपूर रहा। पारंपरिक संगीत ने उत्सव के माहौल को और भी खास बना दिया। बच्चों ने विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों जैसे राखी बनाने के शिल्प, नृत्य और गायन प्रदर्शन मिठाइयां व उपहार बांटना में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दिन को और भी विशेष बनाने के लिए नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के बच्चों को एक विचारशील उपहार दिया। जिससे उनके चेहरों पर मुस्कान, खुशी और यादगार यादें रह गया।



### एएमएस ग्लोबल अकादमी ने एक पेड़ बेटी के नाम अभियान की शुरुआत

**रोहतक।** पर्यावरण संरक्षण और बेटियों के सम्मान को एक साथ जोड़ते हुए एएमएस ग्लोबल अकादमी ने एक पेड़ बेटी के नाम एक अनूठी और प्रेरणादायक पहल की शुरुआत की है। इस सामाजिक और पर्यावरणीय मुहिम की शुरुआत अकादमी के निदेशक मनीष कुमार के नेतृत्व में हरियाणा के रोहतक शहर से की गई। इस अभियान का शुभारंभ बाबा कपिल पुरी महाराज, रिटायर्ड ब्रिगेडियर हरबीर सिंह ने किया।



### एलपीएस बोसार्ड एवं यूनिवर्सल प्रिसिशन स्क्रूज के परिसर में भगवान शंकर किया रुद्राभिषेक

रोहतक। एलपीएस बोसार्ड एवं यूनिवर्सल प्रिसिशन स्क्रूज के परिसर में श्रावण मास के पावन अवसर पर भगवान शंकर के द्वादश ज्योतिर्लिंगों प्रतीक स्वरूपों का दिव्य भव्य रुद्राभिषेक एवं 1008 कमल पुष्पों द्वारा भगवान भोले बाबा का सहस्त्रार्चन सानिध्य अनंत महामण्डलेश्वर आचार्य स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरी महाराज, मुख्य यजमान एवं आयोजक प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी एमडी एलपीएस बोसार्ड राजेश जैन द्वारा आयोजित किया गया।

### 11 अगस्त को होगा सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए चयन

रोहतक। स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए 8 अगस्त को सभी प्रतिभागी स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी करवाई गई जबकि राजीव गांधी स्टेडियम रोहतक में परेड, मास पी टी, डम्बल एवम लेजियम का अभ्यास करवाया गया। माननीय जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मनजीत मलिक के नेतृत्व में वाली 16 विद्यालयों की टीमों को स्वतंत्रता दिवस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिए तैयार किया गया है। उप जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी देवी ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विभिन्न राजकीय एवं निजी विद्यालयों की टीमें अपनी प्रस्तुतियां देंगी।


सांस्कृतिक प्रस्तुति देते छात्र।

## ईको-फ्रेंडली तिरंगा राखी महोत्सव में झलका देश प्रेम



**रोहतक।** एचडी पब्लिक स्कूल बहु अकबरपुर में विद्यार्थियों की रचनात्मकता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित करने के लिए 7 अगस्त को कक्षा 3 से 12 तक के लिए विशेष 'राखी निर्माण गतिविधि' आयोजित की गई। इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति, पर्यावरण संरक्षण तथा सृजनात्मक सोच को विकसित करना रहा। विद्यार्थियों द्वारा निर्मित ईको-फ्रेंडली और तिरंगा थीम पर आधारित राखियों ने अद्भुत छटा बिखेरी और सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रशासन की अपील पर अपशिष्ट वस्तुओं अथवा प्राकृतिक सामग्री का उपयोग कर रचनात्मक राखियां बनाई और स्वदेशी सामग्री के महत्व को समझा। इस अवसर पर छात्रों ने अपशिष्ट व प्राकृतिक सामग्री से ईको-फ्रेंडली तिरंगा राखियां बनाकर न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, बल्कि स्वदेशी संस्कृति और रक्षा-सूत्र के महत्व को भी जीवंत किया। रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति का एक पवित्र त्योहार है, जो भाई-बहन के प्रेम, सुरक्षा, विश्वास और स्नेह का प्रतीक है। यह पर्व न केवल पारिवारिक संबंधों को मजबूती प्रदान करता है, बल्कि सामाजिक एकता, सहयोग और कर्तव्य बोध का भी संदेश देता है।

# शिक्षक वातावरण को बेहतर बनाने में कारगर सिद्ध होगा इफेक्टिव क्लासरूम ऑब्जरवेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



महम। मदीना डाइट में आयोजित ट्रेनिंग कैंप के समापन अवसर मौजूद शिक्षक व प्रशिक्षक।

जिला शैक्षिक प्रशिक्षण संस्थान मदीना में पांच दिवसीय इफेक्टिव क्लासरूम ऑब्जर्वेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार मलिक की अध्यक्षता में किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जितेंद्र सिवाच तथा डॉ. मनजीत दांगी की देखरेख में आयोजित किया गया। जिले के विभिन्न खंडों में कार्यरत बीआरपी एवं एबीआरसी ने ट्रेनिंग कार्यक्रम में भाग लिया। प्रिंसिपल विरेन्द्र कुमार मलिक ने बताया कि इफेक्टिव क्लासरूम ऑब्जर्वेशन कार्य शिक्षण और अधिगम प्रक्रिया के बीच में एक कड़ी का काम करती है। यह प्रशिक्षण शिक्षकों को उनके शिक्षण कौशल में सुधार करते हुए विद्यार्थियों के लिए एक बेहतर शिक्षण वातावरण बनाने में कारगार सिद्ध होता है।प्रवक्ता डॉ. मनजीत कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में लीडरशिप फॉर इक्विटी ऑर्गेनाइजेशन से शकील ने राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) हरियाणा की तरफ से बतौर पर्यवेक्षक कार्यक्रम का अवलोकन किया। कार्यक्रम में एससीईआरटी से प्रशिक्षित प्रशिक्षकों ने एबीआरसी एवं बीआरपी को प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 51 प्रशिक्षकों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने चार प्रैक्टिस वीडियो तथा दो विश्वसनीयता परीक्षाएं दी, जिनके द्वारा 29 कक्षा व्यवहार के बारे में बारीकी से सीखा। इस मौके पर वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ रोमी, सुरेंद्र मोर, डॉ. सुमन लता, डॉ सुनील खोखर, इला धमीजा, डॉ राजीव व अन्य मौजूद रहे।



### छात्रा रिषिका योग प्रतियोगिता में रही प्रथम

**रोहतक।** संस्कार वैली पब्लिक स्कूल की छात्रा रिषिका ने जेकेएम स्कूल काहनौर में आयोजित खंड स्तरीय योग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करके विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय संचालक सुभाष रुहिल और निदेशिका यशवंती रुहिल ने रिषिका की प्रशंसा की और योग के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यालय के अन्य पदाधिकारी दीपांशु रुहिल, साया रुहिल और उपप्रधानाचार्या कविता गिल व अध्यापक वृंद भी मौजूद रहे।

RADHA SWAMI NURSING COLLEGE
(Recognised/Affiliated by Haryana Govt/HN&NMC/INC)
Approved by NIILM University
VPO Kharkara, Distt. Rohtak M. 9812072127
Admission & Guidance (Session 2025-26)
हरियाणा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोर्स करने के लिए संपर्क करें

| Course | Duration | Eligibility |
|---|---|---|
| GNM (Nursing Officer) | 3 Years | 12th Any Stream |

UNIVERSITY COURSE
X-Ray Technician | Physiotherapy | Fire Safety & Technician
Radiology & Imaging Technology | Medical Laboratory Technician
And many others Diploma/B.SC/M.SC
Degree Course offered by University.
Rohtak Off.: Radha Swami Medical Institute
Shastri Nagar Hisar Road Bye Pass, Rohtak M. 9812072127

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- RMO 4
- ICU STAFF 6
- NURSING STAFF 4
- PRO/MARKETING EXECUTIVE 2
- COMPUTER OPERATOR 1

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

Govt. Regd.
WINTRON LIBRARY
...peaceful place to win your dreams
FACILITIES
- Peaceful with strict disciplined & Motivational environment
- Situated in Sec-14 in front of MDU Gate No. 2
- Best Lighting for study
- Separate Seats for Girls
- Employment Newspaper
- Well furnished & Fully A.C.
- Free Wi-Fi Zone
- 24x7 power backup
- Parking Facility
- CCTV Surveillance
- Reserve Seats Available
- Fix Seats Available
- Seats with Computer Facility available

Address: SCO-6, Sector-14, Rohtak
Contact: 8930246662

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 9 अगस्त 2025

**तापमान**
अधिकतम 37 .8 डिग्री
न्यूनतम 24 .9 डिग्री

## जन शिकायतों के त्वरित निपटान को लेकर मुख्यमंत्री सैनी ने उपायुक्त को दिए निर्देश

**रोहतक।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविरों में प्राप्त होने वाली प्रत्येक जन शिकायत, चाहे वह छोटी हो या बड़ी, को पूरी गंभीरता से लें और उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके और प्रशासन के प्रति विश्वास और सुदृढ़ हो। मुख्यमंत्री शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जिला उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक में वर्चुअली समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे विशेष रूप से पुराने लंबित मामलों पर प्राथमिकता से कार्य करें। सभी लंबित शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्पष्ट किया कि समाधान शिविरों का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को एकल मंच पर बहुविभागीय समन्वय के माध्यम से हल करना है।

### खबर संक्षेप




## डॉ. सत्यव्रत ने संभाला प्रिंसिपल का कार्यभार

**महम।** उच्चतर शिक्षा विभाग ने दुबलधन गवर्नमेंट कॉलेज के प्रिंसिपल रहे डॉ. सत्यव्रत को राजकीय महाविद्यालय महम में प्रिंसिपल नियुक्त किया है। कॉलेज पहुंचने पर प्राध्यापकों व अन्य स्टाफ सदस्यों ने उनको फूलों के गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किया। कॉलेज में लंबे समय तक कार्यकारी प्रिंसिपल रहे रोहित कुमार ने बताया कि कॉलेज को स्थाई प्रिंसिपल मिल जाने से संस्थान को काफी फायदा होगा।

## दवाइयों की दुकानों पर नियमित रूप से रेड करें

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने ड्रग्स नियंत्रण अधिकारी को निर्देश दिए कि वे दवाइयों की दुकान के माध्यम से प्रतिबंधित दवाइयां व नशीले पदार्थों की बिक्री पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए नियमित रूप से रेड करें। प्रतिबंधित दवाएं व नशीले पदार्थों की अवैध रूप से बिक्री करने वाले मेडिकल स्टोर इत्यादि के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाएं तथा लाइसेंस रद्द करें। जिले में लिंगानुपात को बढ़ाने के लिए प्रसव पूर्व लिंग जांच एवं कन्या भ्रूणहत्या में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाए। डीसी शुक्रवार को धर्मेंद्र सिंह लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला स्थाई समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

### महम में फर्जी चिकित्सकों की भरमार

# सीएम फ्लाइंग ने दांतों के क्लीनिक पर मारा छापा

- क्लीनिक पर लगभग तीन घंटे तक चली कार्रवाई में अनियमितता मिलने पर दिया गया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम



महम। शुक्रवार को रल्हन क्लीनिक में छापेमारी के दौरान जांच करते अधिकारी। फोटोः हरिभूमि

महम कस्बे में आजकल फर्जी दंत चिकित्सकों की भरमार है। बिना डिग्री वाले नकली दंत चिकित्सक क्लीनिक खोलकर लोगों के दांतों का इलाज कर रहे हैं। शुक्रवार को महम में सीएम फ्लाइंग ने एक दांतों के क्लीनिक पर छापामारी की। सीएम फ्लाइंग ने छापेमारी करते हुए महम के पुराने माने जाने वाले भगवान दास के नाम से चले आ रहे रल्हन क्लीनिक में जांच पड़ताल की। क्लीनिक पर लगभग तीन घंटे तक चली कार्रवाई में अनियमितता मिलने पर उन्हें नोटिस दिया गया है।

अधिकारियों को शक है कि क्लीनिक पर असली डॉक्टर के स्थान पर झोलाछाप डॉक्टर इलाज करते हैं। सीएम फ्लाइंग के अधिकारियों ने क्लीनिक पर लगे सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर को अपने कब्जे में लिया है। ज्यों ही शहर में सीएम फ्लाइंग ने उक्त क्लीनिक पर रेड की तो झोला छाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते इस तरह के डॉक्टर्स की दुकानों पर ताले लटक गए।

बताया जा रहा है कि महम शहर में कई झोला छाप दंत चिकित्सक लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। इसी कड़ी में कुछ झोला छाप डॉक्टरों को जेल भी भेजा जा चुका है। लेकिन उसके बावजूद भी ये बाज नहीं आ रहे हैं। सीएम फ्लाइंग के अधिकारियों ने बताया कि कस्बे के साथ लगते व बाजार में कुछ लोग डॉक्टर बनकर लोगों की सेहत से खिलवाड़ करते हैं।

आम लोगों को वे अपने आप को डिग्री होल्डर बताकर गुमराह करते हैं। बताया कि छापेमारी निरंतर जारी रहेगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे झोला छाप डॉक्टरों से इलाज न कराएं। इसके कारण आपकी जान जोखिम में पड़ सकती है। सीएम फ्लाइंग टीम के साथ स्वास्थ्य विभाग से एडिशनल सीएमओ डॉक्टर विश्वजीत, सीएम फ्लाइंग से एसआई पूनम, एएसआई मुकेश कुमार, सीआईडी से मंदीप व सुरेंद्र एएसआई शामिल थे।

### पांच दिन में मांगा जवाब

एडिशनल सीएमओ विश्वजीत ने बताया कि महम के छोटा बाजार में स्थित रल्हन क्लीनिक में जांच के दौरान खामियां पाई गई हैं। क्लीनिक संचालक को नोटिस थमाया गया है। पांच दिन में जवाब देने को कहा गया है। इस नोटिस का जवाब मिलने के बाद जो भी आवश्यक कार्रवाई होगी, विभाग वह कार्रवाई करेगा।

## मानव उत्थान सेवा समिति ने बच्चों को पाठ्यसामग्री वितरित की



**रोहतक।** मानव उत्थान सेवा समिति रोहतक में मानव धर्म आश्रम की प्रभारी रोशनी बाई की अध्यक्षता में माता अमृता के पावन जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शहर की एमटीएफसी संस्था में 150 जरूरतमंद बच्चों को पाठ्य सामग्री, कॉपी, पैंसिल व अन्य सामान भेंट किया। प्रभारी रोशनी बाई ने मिशन एजुकेशन के तहत सभी को माता अमृता की शिक्षाओं पर चलकर अच्छा इंसान और गलती न करने संस्कार न बनने की प्रेरणा दी। इस मौके पर मानव सेवा दल जिला प्रमुख हरिओम, सूर्य प्रकाश, डॉ. विरेन्द्र, श्री कृष्ण, राजेन्द्र, अनिल, बीच देवी, डॉ. रचिता देवी आदि का विशेष सहयोग रहा।

# इंडस पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया रक्षाबंधन का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक




इंडस पब्लिक स्कूल में 8 जलुाई को रक्षा बंधन का पावन पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा तीसरी से आठवीं तक थाली सजाना व राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने एक से बढ़ कर एक सुन्दर डिजाईनों में राखियां तैयार की। छात्राओं ने मिठाई खिलाकर व तिलक लगाकर छात्रों व शिक्षकों को राखी बांधी। छात्रों व शिक्षकों ने भी छात्राओं को विभिन्न उपहार भेंट किए। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने अपने संदेश में कहा कि यह त्योहार भाई-बहन के मध्य प्यार व स्नेह का प्रतीक है। जिसमें बहनें अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधती है और उनकी लम्बी आयु व खुशहाली की कामना करती हैं। प्रधानाचार्य दीपक कुमार वशिष्ठ ने अपने संबोधन में कहा कि रक्षा बंधन भाई बहन के रिश्ते को मजबूत करने और एक-दूसरे के प्रति सम्मान और स्नेह व्यक्त करने का अवसर है।

## एचडी स्कूल में छात्राओं ने रचाई मेहंदी



**महम।** एच डी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ी महम में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रिंसिपल शालिनी गुप्ता ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में मेहंदी, राखी, पोस्टर मेकिंग ,रंगोली पोट डेकोरेशन, काइट मेकिंग व क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इन क्रियाकलापों में बच्चों ने बड़े उत्साह व जोश के साथ भाग लिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागियों को स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा पारितोषिक देकर सम्मानित किया। विद्यालय निदेशक कुलवंत नहरा ने सभी को रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार बहन भाई के प्रेम व सम्मान का प्रतीक है। इस दिन बहनें भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी आयु व उत्तम स्वास्थ्य की कामना करती हैं। इस मौके पर स्कूल सचिव संजीव छिल्लर, उपप्राचार्या इंदु नहरा समेत समस्त स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद थे।

## केवीएम स्पेशल स्कूल में हुई राखी और मेहंदी प्रतियोगिता

**रोहतक।** केवीएम स्पेशल स्कूल में राखी व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। सभी दिव्यांग बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। केवी एम संस्थान के डायरेक्टर कर्मवीर मायना ने प्रतियोगिता का मुआवना किया व सभी बच्चों को प्रोत्साहित किया व बच्चों को राखी के त्यौहार के महत्व के विषय में बताया व जानकारी प्रदान की। राखी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिशा ने, दूसरा स्थान रिया, तीसरा स्थान नैना ने प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भावना, दूसरा नैना ने, तीसरा स्थान रितिक ने प्राप्त किया। इस मौके पर डॉक्टर धर्मवती, आशा, सुमन, शैलजा, पूजा उपस्थित रहे।



Scan the QR code to find the nearest Tanishq store
To locate your nearest store and know more on +91 81473 49242 Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions Apply.
नया शोरूम :- मानसरोवर पार्क के पास, दिल्ली रोड, रोहतक टेली. : 1800 891 1250


Elenta Mart
A Perfect Hypermarket
UPTO 80% OFF
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE ₹1 1KG SUGAR
AZADI MAHOTSAV SALE
9 August to 15 August
ROHTAK ELENTA MART
NEAR NEW BUS STAND, ADJ. D2M HOTEL. ROHTAK
NEAR APEX HOSPITAL, MODEL TOWN, ROHTAK.
ELENTA MART WISHES YOU A HAPPY RAKSHA BANDHAN FILLED WITH LOVE, JOY, AND UNFORGETTABLE GIFTS!
STORIA COCONUT WATER FREE BUY 1 GET 1
YUVAUD SHARBAT FREE BUY 1 GET 1
BUDWEISER NON ALCOHOLIC BEER FREE BUY 1 GET 2
DEL MONTE 240ML MRP ₹60 FREE BUY 1 GET 1
FRESCA 1LTR FREE BUY 1 GET 3
REAL COCONUT WATER FREE BUY 1 GET 1
REAL JUICE 1 LTR UPTO 25% OFF
Vadilal UPTO 56 % OFF ON MRP
PATANJALI ROOHAFZA FREE BUY 1 GET 1
COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA @ JUST ₹69
HAMDARD ROOHAFZA MRP ₹180 @ JUST 155
RED BULL MRP ₹125 @ JUST 95
MONSTER ENERGY DRINK @ JUST ₹89
TATA TEA PREMIUM @ JUST ₹365
UPTO 50% Off on our rakhis
PRABHAS GHEE 1 LTR FREE! BUY 1 GET 1 FREE
GM POHA 500 GM BUY 1 GET 1 FREE
BAIL KOLHU 1LTR MRP ₹189 OUR PRICE ₹169
24 MANTRA MUSTARD OIL 1LTR BUY 1 GET 1 FREE
MILK FOOD GHEE 1 LTR MRP ₹580 OUR PRICE ₹505
AMUL PURE GHEE 1 LTR MRP ₹650 OUR PRICE ₹579
SUN FEAST CHOCO DELIGHT BUY 1 GET 1 FREE
WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY
CHANA DAAL 1KG OUR PRICE ₹82
MOONG DHULI 1KG OUR PRICE ₹115
KALA CHANA 1KG OUR PRICE ₹78
MALKA LAL DAAL 1KG OUR PRICE ₹85
BADAM 1KG OUR PRICE ₹819
KISMISH 1KG OUR PRICE ₹519
PATANJALI SALT BUY 1 GET 1 FREE
24 MANTRA MOONG DHULI 500 ML BUY 1 GET 1 FREE
ARSHIRVAAD ATTA 10KG ₹495 OUR PRICE ₹439
24 MANTRA ATTA 5 KG BUY 1 GET 1 FREE
BREGANO PASTA VERMICELLI BUY 1 GET 1 FREE
FROOTI 125ML *40PCS OUR PRICE ₹318
INDIA GATE FEAST ROZANA 5 KG ₹550 OUR PRICE ₹428
HALDIRAM'S ALL RANGE 12.5% OFF ON MRP
BRITANNIA Treat WAFFRS 55GM 50% OFF ON MRP
ORION Choco Pie BUY 1 GET 1 FREE
Ariel Complete Detergent 4KG BUY1 GET 1 FREE
SURF EXCEL MATIC POWDER TOP LOAD 6KG ₹1199
SURF EXCEL MATIC POWDER FRONT LOAD 6KG ₹1249
K'TRIQ FLOOR CLEANER 50% OFF
TIDE 9KG LAVENDER ₹749
TRISHUL PHENYLE 5 LTR 50% OFF
SOFTSENS BABY PRODUCTS UPTO 50% OFF
surf excel easy wash 7 kg MRP ₹1030 ₹685
ARIEL MATIC TOP & FRONT LOAD 5LTR OUR PRICE ₹650
SANTOOR SHOWER GEL 500ML 75% OFF ON MRP
WIPRO SAFE WASH 1LTR BUY 1 GET 2 FREE
TIDE ROSE & JASMINE TIDE 6 KG ₹785 OUR PRICE ₹469
BUY 1 GET 1 PRIL 1.5 LTR FREE
BUY 2 @99 SANI FRESH
Rohtak Model Town
Contact: +91-9350999480
Address: Elenta Mart, Near Apex Plus Super Speciality Hospital, Model Town, Near Kailash Ashram, Rohtak.
scan to get location
Rohtak, Bus Stand Road
Contact: +91-819999480
Address: Elenta Mart, New Bus Stand Road, Adj - D2M Hotel, Rohtak, Haryana.
scan to get location
Payment Accepted
CASH CARD PAYTM
OPEN 7 DAYS A WEEK | 8AM TO 10PM . PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
On shopping of ₹2999, customer can avail Sugar Free at ₹1 or Fresca for free.Only one offer can be claimed per bill.
TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME
*ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart